# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




## 16 June 2026


GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान को खनिज ब्लॉकों की नीलामी में अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए देश में कौनसा पुरस्कार प्राप्त हुआ है?**

(A) प्रथम
(B) द्वितीय
(C) तृतीय
(D) इनमें से कोई नही

राजस्थान को खनिज ब्लॉकों की नीलामी में अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए देश में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

- राजस्थान के खान विभाग को यह प्रथम पुरस्कार ओडिशा के कोणार्क में आयोजित 'थर्ड नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ स्टेट माइनिंग मिनिस्टर्स' के दौरान प्रदान किया गया था।
- यह पुरस्कार केंद्रीय खान मंत्री और ओडिशा के मुख्यमंत्री के हाथों राजस्थान खान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकांत ने प्राप्त किया था
- राज्य में लाईमस्टोन, आयरन ओर (लोहा), बेस मेटल, मैंगनीज और सोना सहित कई प्रमुख खनिजों के खनन ब्लॉक आवंटित किए गए हैं

**Yesterday Revision**

01. केंद्र सरकार के PRAGATI (प्रगति) प्लेटफॉर्म की तर्ज पर राजस्थान सरकार ने महत्वपूर्ण परियोजनाओं, कल्याणकारी योजनाओं और जन शिकायतों की लाइव समीक्षा और तीव्र निस्तारण के लिए 'राज उन्नति' (Raj UNNATI) नाम से एक नया डिजिटल गवर्नेंस प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है।

02. राजस्थान के पूर्व ओलंपियन गोपाल सैनी को "फ़ीसू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी स्क्वैश चैंपियनशिप" की आयोजन समिति में "डिसिप्लिन एंड ग्रीवेंस" कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है।

03. युवा आपदा मित्र योजना' के तहत राजस्थान के 13 जिलों में बड़े स्तर पर प्रशिक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है?

04. 5 जून 2026 को राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित राजस्थान ग्रीन इनोवेशन चैलेंज-2026 में बिहार के खगड़िया जिले के आशुतोष कुमार सिंह और उनकी टीम को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

05. राजस्थान कैडर के 1995 बैच के दो वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों दिनेश एमएन और

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) एयरोस्पेस सेक्टर में राजस्थान में डिफेंस एवं एयरोस्पेस पार्क किशनगढ़ के पास उदयपुर खुर्द में बन रहा है

(B) यहां पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगने जा रही है, जहां स्नाइपर राइफल का निर्माण किया जाएगा।

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान अब देश के डिफेंस और एयरोस्पेस सेक्टर में बड़ी पहचान बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके लिए किशनगढ़ के पास उदयपुर खुर्द क्षेत्र में 59 हेक्टेयर भूमि पर डिफेंस एवं एयरोस्पेस पार्क के लिए रिजर्व कर दी गई है।
- यहां पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगने जा रही है, जहां स्नाइपर राइफल का निर्माण किया जाएगा।
- यहां फाइटर एयरक्राफ्ट, हथियार, आर्मर्ड वाहन (बख्तरबंद गाड़ी), रक्षा उपकरणों के कलपुर्जों और एयरोस्पेस उत्पादों की मेन्यूफेक्चरिंग यूनिट लगाने की संभावना तलाशी जा रही है।

## 02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) ) आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (IHR) की अंडर-12 टीम ने चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता।

(2) टीम की कप्तानी मोक्षित बिश्नोई ने की, जबकि घनश्याम थानवी कोच

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (IHR) की अंडर-12 टीम ने देहरादून स्थित हिमाद्रि आइस रिंक में आयोजित आईएचएआई नेशनल अंडर-12 आइस हॉकी चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता।
- प्रतियोगिता में देशभर की 13 टीमों ने भाग लिया,
- यह उपलब्धि इसलिए भी खास रही क्योंकि राज्य में नियमित आइस रिंक उपलब्ध नहीं है। खिलाड़ियों ने इनलाइन स्केट्स और सामान्य मैदानों पर अभ्यास कर बर्फीले वातावरण में अपनी क्षमता साबित की।
- टीम की कप्तानी मोक्षित बिश्नोई ने की, जबकि घनश्याम थानवी कोच और निशांत प्रताप सिंह मैनेजर रहे

03.राजस्थान के किस जिले में दुनिया का पहला आरटीआई लिविंग म्यूजियम बनेगा?

(A) अलवर

(B) ब्यावर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- नरबद खेड़ा, ब्यावर में दुनिया का पहला आरटीआई लिविंग म्यूजियम बनेगा। इसके लिए नरवद खेड़ा (केसरपुरा क्षेत्र) में 1 एकड़ जमीन चिह्नित कर ली गई है।
- इस म्यूजियम का निर्माण और संचालन स्कूल फॉर डेमोक्रेसी (लोकतंत्र की पाठशाला) संस्था की ओर से किया जा रहा है।
- इस संग्रहालय को पारंपरिक म्यूजियम से अलग एक लिविंग म्यूजियम (जीवंत संग्रहालय) के रूप में विकसित किया जा रहा है।
- इस म्यूजियम का निर्माण और संचालन “स्कूल फॉर डेमोक्रेसी संस्था” की ओर से किया जा रहा है।
- 30 साल पहले 21 जून 1996 को यहीं से आरटीआई आंदोलन की की शुरुआत हुई थी।

04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) राजस्थान में शहरी और ग्रामीण सेवा शिविर-2026 का आयोजन किया जा रहा है

(2) ये शिविर 12 जून से 15 जुलाई 2026 तक संचालित किए जाएंगे।

सही कथन चुनिए:

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रदेशभर में शहरी और ग्रामीण सेवा शिविर-2026 का आयोजन किया जा रहा है
- इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। ये शिविर 12 जून से 15 जुलाई 2026 तक संचालित किए जाएंगे।
- इनमें राजस्व विभाग सहित कुल 22 विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे, जो आमजन की समस्याओं का समाधान करेंगे।

**05. राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा अतिसार (डायरिया) की रोकथाम, उपचार और जन-जागरुकता अभियान कब से शुरू किया गया है?**

(A) 15 जून से

(B) 12 जून से

(C) 16 जून से

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा अतिसार (डायरिया) की रोकथाम, उपचार और जन-जागरुकता के लिए 16 जून से राज्यव्यापी विशेष अभियान चलाया जाएगा
- 16 जून से 31 जुलाई तक चलने वाले 'स्टॉप डायरिया कैंपेन' के तहत विशेष रूप से पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में अतिसार की रोकथाम, समय पर उपचार, स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल और जन-जागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।
- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार राज्यभर में यह अभियान चलाया जाएगा।
- अभियान के दौरान ''स्वच्छ जल, समुचित उपचार – डायरिया से बचें हर बार'' विषय पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जयपुर, रविवार, 14 जून, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-115

1. **'प्रधानमंत्री** फसल बीमा योजना' के क्रियान्वयन में राजस्थान का देश में कौन-सा स्थान है?
   (A) प्रथम
   (B) द्वितीय
   (C) तृतीय
   (D) चतुर्थ

2. **प्रस्तावित** दिल्ली-बहरोड़ आरआरटीएस कॉरिडोर के तहत राजस्थान की सीमा में कहां-कहां पर स्टेशन स्थापित किए जाने प्रस्तावित हैं?
   (A)भिवाड़ी, नीमराना
   (B) शाहजहांपुर, नीमराना, बहरोड़
   (C) शाहजहांपुर, नीमराना, बहरोड़, कोटपूतली
   (D) भिवाड़ी, टपूकड़ा, शाहजहांपुर, नीमराना, बहरोड़

3. **नीति** आयोग की वर्ष 2025-26 की तृतीय तिमाही रैंकिंग में राजस्थान के किस ब्लॉक ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है?
   (A) नीमराना
   (B) रामगढ़ पचवारा
   (C) फतेहगढ़
   (D) सिवाना

4. **'वेस्टर्न** डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर' का लगभग कितना प्रतिशत हिस्सा राजस्थान राज्य से होकर गुजरता है?
   (A) 25 %
   (B) 39 %
   (C) 46 %
   (D) 58 %

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत फलौदी जिले की उपज कौन सी है?
   (A) खजूर (B) जीरा
   (C) सौंफ (D) प्याज


GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. युवा आपदा मित्र योजना' के तहत राजस्थान के कितने जिलों में बड़े स्तर पर प्रशिक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है?**

(A) 04 जिलों में

(B) 13 जिलों में

(C) 09 जिलों में

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine